

दूसरे आईपीएल के दूसरे हाफ में खेलने की उम्मीद

आईपीएल 2021 का दूसरा हाफ सितंबर में यूएई में आयोजित होगा। श्रेयस के दूसरे आईपीएल के दूसरे हाफ में खेलने की उम्मीद है। वह सोशल मीडिया पर लगातार अपनी वर्क आउट का वीडियो अपलोड करते रहते हैं। भारत में आयोजित आईपीएल 2021 के पहले हाफ में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी ऋषभ पंत ने की थी। उम्मीद की जा रही थी श्रेयस की वापसी श्रीलंका दौरे पर हो सकती है लेकिन वह इस दौरे के लिए स्क्वॉड में जगह नहीं बना सके।

## ऐक्टर नहीं हो इसलिए खेल पर फोकस करो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इन दिनों पूर्ण फिटनेस हासिल करने में जुटे हुए हैं। श्रेयस ने इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान अपने चोटिल कंधे का ऑपरेशन करवाया था। साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के दौरान श्रेयस फील्डिंग करते समय अपना कंधा चोटिल करा बैठे थे, जिसके बाद वह आईपीएल से बाहर हो गए थे। आईपीएल में श्रेयस दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करते हैं। श्रेयस ने हाल में अपने सोशल मीडिया अकाउंट वीडियो और कुछ फोटो शेयर किए हैं जिसमें वह नए लुक में नजर आ रहे हैं। श्रेयस ने अपने बालों को ग्रे कलर से रंगा है और फंकी लुक दिया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड किए गए फोटो का कैप्शन लिखा, ताजा बालों की सांस की तरह। श्रेयस के इस वीडियो और फोटो को देख फैंस कॉमेंट बॉक्स में अलग अलग कॉमेंट कर रहे हैं।

# भारत के खिलाफ टेस्ट से पहले कप्तान जो रूट ने भरी हुंकार

क्रिकेट

## कहा–अब रोटेशन नीति से हमें बचना होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट ने कहा है कि रोटेशन नीति को छोड़ने का समय आ गया है। रूट का मानना है कि इससे भारत के खिलाफ और फिर एशेज में सबसे मजबूत संभावित टीम उतारी जा सकती है।

इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की रोटेशन नीति उस समय विश्व क्रिकेट में चर्चा का विषय बन गई थी जब इस साल की शुरुआत में वे अपनी सबसे मजबूत टीम के साथ भारत दौरे पर नहीं गए थे और श्रृंखला 1–3 से गंवाने के कारण डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ से बाहर हो गए थे।

डब्ल्यूटीसी के नए चक्र की शुरुआत भारत और इंग्लैंड के बीच नॉटिंघम में चार अगस्त से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के साथ होगी। 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' ने रूट के हवाले से कहा, हम ऐसे



समय में आ गए हैं जहां आराम और रोटेशन की नीति को पीछे छोड़ना होगा। उन्होंने कहा, उम्मीद करते हैं कि अगर सभी फिट हुए तो हम अपनी सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध टीम उतारेंगे। यह काफी रोमांचक होगा और मैं इसे लेकर उत्सुक हूं।

जॉनी बेयरस्टो और मार्क वुड भारत के खिलाफ पहले दो टेस्ट में नहीं खेले थे लेकिन चौथे टेस्ट में उतरे थे। टीम के पहली पसंद के विकेटकीपर जोस बटलर श्रृंखला के पहले मुकाबले के बाद स्वदेश लौट गए थे।

रूट ने उम्मीद जताई कि इस बार ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा, हमें दो शानदार प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 10 बेहद कड़े टेस्ट खेलने हैं लेकिन यह हमारे पास दमदार क्रिकेट खेलने का शानदार मौका है और अगर सभी फिट और उपलब्ध हुए तो हमारे पास अच्छी टीम होगी। रूट ने कहा कि भारत के खिलाफ कड़ी श्रृंखला एशेज की आदर्श तैयारी होगी और इसलिए जरूरी है कि सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि अगले पांच टेस्ट के दौरान हम अपनी सबसे मजबूत टीम को खिलाने का प्रयास करें या इन मैचों के लिए हमारी सबसे मजबूत टीम उपलब्ध हो। ऐसा हम आगामी श्रृंखलाओं विशेषकर एशेज की तैयारी के लिए करेंगे। सुनिश्चित करेंगे कि इन बड़े मैचों के दौरान सभी अपनी फॉर्म के शीर्ष पर हों।

रूट ने कहा, डब्ल्यूटीसी फाइनल को देखना और इसका हिस्सा नहीं होना, इसे देखकर आप इस विशेष चीज का हिस्सा बनना चाहते हैं। हमारे पास अब मौका है कि हम थोड़ा और आगे जाएं और पहली बार की तुलना में बेहतर काम करें। मैं उम्मीद करता हूं कि हमें सभी खिलाड़ियों के बीच से टीम चुनने का मौका मिलेगा।

# पेसर जसप्रीत बुमराह ने पत्नी संजना गणेशन के साथ शेयर की सेल्फी


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। बुमराह पहली पारी में प्रभाव छोड़ने में विफल रहे जबकि दूसरी पारी में वह लय में आते हुए दिखे। हालांकि तब तक देर हो चुकी थी।

कीवी टीम ने भारत को 8 विकेट से हराकर डब्ल्यूटीसी खिताब अपने नाम किया। इस मैच के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ियों को 3 सप्ताह का ब्रेक मिला है जिसके बाद वह इंग्लैंड के अलग अलग शहरों में अपनी फैमिली के साथ छुट्टियां मना रहे हैं। कई खिलाड़ियों ने पत्नी और बच्चों के साथ इंज्वॉय करते हुए फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड किए हैं। बुमराह भी उनमें से एक हैं जिन्होंने स्पोर्ट्स प्रेजेंटर पत्नी संजना गणेशन के साथ अपने इंस्टाग्राम पर अकाउंट पर एक सेल्फी शेयर की है।

बुमराह ने जो फोटो शेयर की है उसमें वह पत्नी संजना के साथ पार्क में एक बेंच पर बैठे हुए हैं। कैप्शन में बुमराह ने लिखा तुम्हें देखकर मुस्कुरा रहा हूं। बुमराह की इस सेल्फी को देख लोग अलग अलग कॉमेंट कर रहे हैं। एक फैंस ने लिखा, बोलिंग पर फोकस करो भाई। एक अन्य यूजर ने लिखा, आपकी पहली वाली गेंदबाजी कहां खो गई

### फैंस बोले–बोलिंग पर फोकस करो भाई



### 14 जुलाई को एकत्रित होंगे

**खिलाड़ी:** भारतीय खिलाड़ी 14 जुलाई को दोबारा एकत्रित होंगे और फिर क्वारंटीन होंगे। टीम इंडिया को मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है जिसकी शुरुआत 4 अगस्त से होगी।

टेस्ट मैच ट्रेंट ब्रिज, लॉर्ड्स, हेडिंग्ले, ओवल और ओल्ड ट्रेफर्ड में खेले जाएंगे। ये सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप का हिस्सा है। टेस्ट सीरीज में बुमराह अहम रोल निभा सकते हैं।

## इंजमाम–उल–हक ने कहा दोनों देशों में होता एक–एक फाइनल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को लेकर चल रहे विवाद पर अपनी राय रखी है। उन्होंने सलाह दी है कि फाइनल में पहुंचने वाली दोनों टीमों को एक–एक मैच आयोजित करने का मौका मिलना चाहिए। उनका कहना है कि इससे यह टूर्नामेंट अधिक संतुलित हो जाएगा।

इंजमाम ने साउथम्पटन में भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप फाइनल के बाद आया है। इस मैच में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया। हालात भी उनके पक्ष में माने गए थे। वहीं भारतीय टीम, जिसके बारे में कहा जा रहा था कि वह पूरी तरह तैयार नहीं थी। भारतीय गेंदबाज सही लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी नहीं कर पाए। अपने यूट्यूब चैनल पर इस मुद्दे पर बात करते हुए इंजमाम ने कहा– मेरी सलाह है कि आप दो टेस्ट मैच खेलें। एक मैच न्यूजीलैंड– या जो भी चौंपियन हो वहां खेलें और दूसरा इंडिया में। इस तरह नतीजा अधिक जायज होगा।

## न्यूज डायरी



### शिखर धवन और पृथ्वी साव ने खेला म्यूजिक और माइम का मजेदार गेम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक क्लिप साझा की है जिसमें शिखर धवन और पृथ्वी साव एक मजेदार गेम खेल रहे हैं। इस खेल का नाम म्यूजिक ऐंड माइम्श है। इस खेल में एक खिलाड़ी हेडफोन लगाता है और दूसरा कुछ बोलता है। पहले खिलाड़ी को पता लगाना पड़ता है कि सामने वाला क्या बोल रहा है। इस दौरान दोनों ने कई मजेदार उत्तर दिए। शुरुआत शिखर धवन ने की। उन्होंने हेडफोन लगाकर भारतीय खिलाड़ियों के नाम का अंदाजा लगाया जो पृथ्वी साव बोल रहे थे। धवन श्रीलंका जाने वाली भारतीय टीम के कप्तान हैं। भारत को 13 जुलाई से वहां तीन वनडे और तीन टी20 इंटरनैशनल मैचों की सीरीज खेलनी है। भारत की प्रमुख टीम फिलहाल इंग्लैंड में है। जहां उसे पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भाग लेना है। श्रीलंका दौरे पर युवाओं को टीम में तरजही दी गई है। इन युवा खिलाड़ियों के पास खुद को साबित करने का मौका होगा। टीम इंडिया ने इस दौरे पर छह अनकैप्ड खिलाड़ियों को मौका दिया है। इस टीम के साथ राहुल द्रविड़ मुख्य कोच के रूप में सामने जाएंगे।

### क्रॉस और डंकली ने दिलाई इंग्लैंड को जीत, मिताली की हाफ सेंचुरी गई बेकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टॉन्टन। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दूसरे मैच में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी का न्योता मिला। टीम ने मिताली राज की हाफ सेंचुरी की मदद से 221 रन बनाए। इंग्लैंड की मीडियम पेसर केट क्रॉस ने पांच विकेट लिए। इसके जवाब में इंग्लैंड ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 47.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 225 रन बनाकर तीन मैचों की सीरीज में 2–0 की अजेय बढ़त बना ली। मिताली राज ने फिर से हाफ सेंचुरी बनाई लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिलने और केट क्रॉस की घातक गेंदबाजी के कारण भारत यहां दूसरे महिला एकदिवसीय दिन रात्रि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 221 रन ही बना पाया।

### दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाद पूनम यादव ने गेंदबाजी में किया ये बदलाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टांटन। भारतीय महिला टीम की सीनियर स्पिनर पूनम यादव का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली सीरीज में नाकाम रहने के बाद उन्होंने अपनी गति में बदलाव किया है। पूनम का मानना है कि इसी की वजह से उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में दो विकेट हासिल करने में मदद मिली। इंग्लैंड ने बुधवार को दूसरे वनडे में भारत को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2–0 की अजेय बढ़त बनाई। पूनम यादव ने 63 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने कप्तान हीथर नाइट और विकेटकीपर बल्लेबाज एमी जोन्स को आउट किया। नवंबर 2019 के बाद इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को पहली बार सफलता मिली थी। इस साल के शुरू में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्होंने चार मैच खेले लेकिन इनमें वह एक भी विकेट हासिल नहीं कर पाई थी।

### विलियमसन ने कोहली के कंधे पर क्यों रखा था सिर, खुद किया खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केन विलियमसन की कप्तानी में न्यूजीलैंड की टीम ने पहली बार आयोजित की गई वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब भारत को हराकर जीता था। इस मैच के बाद विराट कोहली और कीवी कप्तान केन विलियमसन की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी जिसे क्रिकेट फैंस ने खूब पसंद किया था। इस तस्वीर में केन ने विराट कोहली के गले लगते हुए अपना सिर विराट कोहली के कंधे पर रखा हुआ था। अब केन विलियमसन ने अपनी टीम को चैंपियन बनाने के बाद विराट कोहली के कंधे पर अपना सिर क्यों रखा था इसका खुलासा उन्होंने खुद किया।